देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ...

जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

JAWAB DO SARKAR ™

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2020/twb/06 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | मंगलवार, 29 दिसम्बर 2020

भाग-2



राजस्थान में फेंसिंग का सुनहरा भविष्य परन्तु राजनीति ने पहुचाया गर्त में!!!

राजस्थान का अलवर जिला अन्य जिलों से अलग फेंसिंग में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है,इस खेल में यहाँ के कई अंतर्राष्ट्रीय खिलाडियों ने अपने खेल की बदौलत अपना और अपने देश का नाम रोशन किया है,यदि इन खिलाडियों को विशेष परिक्षण और साजोसामान

उपलब्ध करवाए जाए तो यह खिलाडी ओलम्पिक और अन्य विश्वस्तरीय प्रतियोगिताओ में पदक लाकर देश को गौरवान्वित कर सकते है परन्तु जैसे कि होता आया है एसोसिएशन के नाम पर होने वाले परिवाद-भाई-भतीजावाद ने इस खेल को भी नहीं बक्शा है|और इस परिवारवाद की दलदल ने खिलाडियों के सुनहरे भविष्य को लील रखा है|

एसोसिएशन में एक परिवार का दबदबा

राजस्थान में फेंसिंग का ठेकेदार राजस्थान फेंसिंग एसोसिएशन नामक जेबी संस्था बना बैठा है,जिसकी जयपुर के अलावा कहीं भी कोई शाखा नहीं है|दिखावे के लिए इस संस्था द्वारा चुनाव करवाए जाते है परन्तु बरसो से इस संस्था पर दाउद और उसके परिवार जनों का ही कब्ज़ा है और हद तो इस बात की है कि एसोसिएशन के अध्यक्ष महोदय श्री दाउद खान द्वारा अपने भतीजे शोयब खान को खिलाडियों में एक्स्ट्रा खिला कर उसे खिलाडी

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

INDIA

FAI

FENCING ASSOCIATION OF INDIA

Affiliated to :
Federation International d'Escrime
Commonwealth Fencing Federation
Fencing Confederation of Asia
Indian Olympic Association

612

Recognised by : Ministry of Youth Affairs & Sports, Govt. of India

25th SENIOR NATIONAL FENCING CHAMPIONSHIP

25th to 28th February 2015 NASHIK - MAHARASHTRA

-: Organised by :-
Maharashtra Fencing Association &
Nashik District Fencing Association

Participation Certificate

Awarded to

Name : M. SHO[illegible]

Fathers Name : M. AYUB

State : RAJASTHAN Section : Men / Women

Event : Foil / Epee / Sabre / Individual / Team

Participation as : Player / Technical Official / Coach / Manager / Volunteer

(Raju Shinde) Org. Secretary
(Nitin Hingmire) Chairman
(Ashok Dudhare) Org. Secretary
25th Senior National Fencing Championship

(Dr. Uday Dongare) Secretary
(Prakash Katule) President
Maharashtra Fencing Association

(Rajendra Singh Rana) Secretary General
(D. D. Boro) President
Fencing Association of India

घोषित कर,कई अवार्ड भी दिलवा दिए|जिसके लिए कई होनहार खिलाडियों के करियर की बलि चढ़ा दी गयी हैगौरतलब है कि शोयब शान अपाहिज है परन्तु इसके बावजूद यह गौरखधंधा चल रहा है|

साल 2015 में हुए 25 वें सीनियर नेशनल फेंसिंग चेम्पियनशिप में शोयब और शाहजाद को कोच और मेनेजर बनाकर भेजा गया उसके बाद इन्हें कई मैडल भी दिलवा कर अब सरकारी नौकरी लगवाने की तैयारियां की जा रही है|

अलवर के सांसद खेल मंत्री तक को कर चुके है शिकायत|

गौरतलब है कि फेंसिंग के खेल में अलवर के खिलाडियों की राजस्थान फेंसिंग एसोसिएशन के कर्ताधर्ताओं द्वारा लगातार उपेक्षा की जा रही है|इस मामले की शिकायत अलवर के सांसद महंत बालकनाथ द्वारा खेल मंत्री को भी की जा चुकी है|

स्पोर्ट्स एथोरिटी ऑफ़ इंडिया द्वारा दिए जाने वाले 5 लाख रूपये की बंदरबांट|

Fencing Association of India

भारतीय तलवारबाजी संघ

Affiliated to : Ministry of Youth Affairs & Sports, Govt. of India, Indian Olympic Association, Fencing Confederation of Asia, Commonwealth Fencing Federation & Federation Internationale d'Escrime

Office Address : 107, Shanti Kunj Main, Vasant Kunj, New Delhi - 110070

Regd. Address : H.No. : 52, Second Floor, J Block, Saket, New Delhi - 110017

E-mail : fai.president@gmail.com, fai.secgen@gmail.com, Website : www.fencingindia.org

President	Secretary General	Treasurer
Rajeev Mehta	Bashir Ahmed Khan	Ashok Dudhare
H.No.- 52, Second Floor,	H.No.- 14/B, Street- 22, Sector-1, Bhilai,	Flat No.-1, Pokar Palace, Pokar Colony,
J Block, Saket, New Delhi - 110017	Distt- Durg (Chhattisgarh) - 490001	Dindori Road, Nashik (Maharashtra) - 422004
Mob. No. : +91-9897059797, 9810173660	Mob. No. : +91-9039982262, 9755789069	Mob. No. : +91-9422254507,
E-mail : fai.president@gmail.com	E-mail : fai.secgen@gmail.com	Ph. : +91-253-2532124
rajeevmehta.spt@gmail.com	cha_987@yahoo.co.in	E-mail : ashokdudhare@yahoo.com

FAI/2020-21/251 18th July 2020

To
President / Secretary
All Affiliated State / UT Associations of
Fencing Association of India

Dear Members,

Sub:- Rs. 5 Lakhs Equipment grant from Sports Authority of India under Khelo India Programme for the Intermediate Performing Centres (Districts).

भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया प्रोग्राम के अंतर्गत फेंसिंग(तलवारबाजी) के लिए राजस्थान फेंसिंग एसोसिएशन को 5 लाख रूपये स्वीकृत किये है|इस एक मुश्त 5 लाख रूपये की राशि को एसोसिएशन द्वारा खिलाडियों के भत्तों,साजोसामान की खरीद,प्रतियोगिता स्थल के विकास हेतु खर्च की जानी थी|जिसके लिए एक तीन सदस्यीय कमिटी का गठन किया जाना था,जिसमे स्टेट रिप्रेजेंटेटिव के अलावा दो व्यक्तियों में द्रोणाचार्य अवार्ड विजेता/अर्जुन पुरूस्कार विजेता या फिर खेल से जुड़े हुए किसी प्रमुख खिलाडी का होना तय किया गया था|परन्तु आपको जानकर आश्चर्य होगा कि राजस्थान फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा इस कमिटी में ऐसे लोगो को चयन किया गया जो द्रोणाचार्य अवार्ड विजेता/अर्जुन पुरूस्कार विजेता या फिर खेल से जुड़े प्रमुख खिलाडी का होना तो दूर की बात है फेंसिंग की ABCD से भी परिचित नहीं है|एसोसिएशन द्वारा महेंद्र शर्मा,शमीम अहमद,और आबिद अली के नाम कमेटी के लिए भेजे है|जिनके खेल ज्ञान का बखान हम ऊपर कर चुके है|

जवाब मांगते सवाल?

1. आखिर कब तक देश के होनहार खिलाडी राजनीति का शिकार होते रहेंगे?
2. क्या देश और राज्य के खेल मंत्री इस मामले में संज्ञान लेकर फेंसिंग के खिलाडियों का पक्ष सुनेगे?और इस खेल और खेल से जुड़े खिलाडियों का भविष्य सुनिश्चित करेंगे?
3. क्या साई द्वारा दिए गए अनुदान की उचित मोनिटरिंग करवाई जाएगी?